बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001

## 60वीं से 62वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रा॰) प्रतियोगिता परीक्षा

## आवश्यक सूचना

1. 60वीं, 61वीं एवं 62वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि यह प्रतियोगिता परीक्षा रविवार, दिनांक 12.02.2017 को (एकल बैठक – 12.00 बजे मध्याह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक) 35 जिला मुख्यालयों में अवस्थित 390 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी जिसमें सामान्य अध्ययन विषय के वस्तुनिष्ठ प्रकृति के 150 प्रश्न होंगे।
2. 60वीं से 62वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा हेतु ई–प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाइट www.bpsc.bih.nic.in पर दिनांक 20.01.2017 से उपलब्ध रहेगा, जिसे डाउनलोड करने के लिए "आवश्यक निर्देश" आयोग के उक्त वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर ही उपलब्ध है। अभ्यर्थी ई–प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए उक्त आवश्यक निर्देश का अक्षरशः अनुपालन करेंगे। ई–प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 31.01.2017 निर्धारित की जाती है। सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे अपना–अपना ई–प्रवेश पत्र 31.01.2017 तक अवश्य डाउनलोड कर लें। आखिरी समय (Eleventh Hour) का इन्तजार नहीं करेंगे। वे यथाशीघ्र ई–प्रवेश पत्र डाउनलोड करना प्रारम्भ करेंगे।

   **अभ्यर्थियों को डाक से (by Post) प्रवेश पत्र नहीं भेजे जायेंगे।**
3. यह प्रवेश पत्र 60वीं से 62वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा के अधीन ऑनलाईन आवेदन में आपके द्वारा की गई प्रविष्टि को सही मानकर जारी किया गया है।

   **यह प्रवेश पत्र पूर्णतः औपबंधिक है। पात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय साक्षात्कार के समय अंकित तथ्यों से संबंधित कागजातों की विधिवत जाँच/सत्यापन के पश्चात किया जा सकेगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रवेश पत्र (Admit Card) निर्गत होने से अभ्यर्थी की अर्हता संपुष्ट नहीं होती है। आपके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में की गई प्रविष्टि एवं उससे संबंधित कागजात में किसी प्रकार की भिन्नता रहने पर उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। अर्हता के संबंध में यथासमय समीक्षा कर निर्णय लेने हेतु आयोग पूर्णतः स्वतंत्र रहेगा।**

19/1/17

सचिव,

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

# बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

## 60वीं से 62वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा का प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए आवश्यक निर्देशः–

1. अभ्यर्थी सर्वप्रथम BPSC के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in खोले, इसमें बाँयी तरफ दिये गए टैब "Apply Online" पर क्लिक करेंगे। क्लिक करने के उपरान्त नया पेज खुलेगा, इस पेज पर दिये गये टैब "BPSC Online Application" पर क्लिक करेंगे।
2. "BPSC Online Applicaton" पर क्लिक करने के उपरान्त ऑनलाईन से संबधित पेज खुल जाएगा।
3. अभ्यर्थी "Login" के टैब में विज्ञापन 60वीं से 62वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन भरने के क्रम में उनको प्राप्त User Name/Id एवं Password तदुपरान्त Captcha Code भरेंगे एवं "Login" के बटन पर क्लिक करेंगे।
4. "Login" बटन पर क्लिक करने के उपरान्त डैसबोर्ड खुलेगा। अभ्यर्थी डैसबोर्ड पर उपलब्ध टैब "PT Admit Card Download" पर क्लिक करेंगे, क्लिक करने के उपरान्त एक नया पेज खुलेगा, जिसमें अभ्यर्थी Captcha Code भरकर "Download Admit Card" बटन पर क्लिक करेंगे एवं प्रवेश पत्र A4 Size Sheet पर ही डाउनलोड करेंगे।
5. अभ्यर्थी को 60वीं से 62वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा का प्रवेश पत्र दो पृष्ठों में प्राप्त होगा। जिसमें प्रथम पृष्ठ पर अभ्यर्थी विशेष की परीक्षा विवरणी एवं दूसरे पृष्ठ पर परीक्षा संबंधित आवश्यक निर्देश दिया गया है।
6. अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र के दोनों पृष्ठ डाउनलोड कर व्यवहार में लायेंगे। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र में वर्णित आवश्यक निर्देश का अक्षरशः अनुपालन करेंगे।
7. प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में कठिनाई होने पर दिये गये हेल्प लाईन नम्बर पर कार्यालय अवधि सोमवार से शुक्रवार (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे सायं तक में संपर्क किया जा सकता है :–

   Phone No. – 0612-2215795, Mobile No. - +91-7544903018